## कंगली थाना अपहरण काण्ड में 5 गिरफ्तार

**बेतिया** : कंगली थाना क्षेत्र से विवाह की नियत से अपहरण मामला में संलिप्त अभियुक्तों में 05 को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। वहीं अपहृता की सकुशल बरामदगी भी बेतिया पुलिस ने किया है। विगत 24 जुलाई को कंगली थानान्तर्गत मारपीट कर विवाह की नियत से अपहरण कर लिया गया था। जिसमें पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो नामजद अभियुक्तों को 12 घंटे के अन्दर गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। मुख्य अभियुक्त सलमान मियाँ, उम्र लगभग 22 वर्ष, पिता आलम मियाँ, सबैठवा को गिरफ्तार किया गया। इस क्रम में पुलिस टीम ने अपहृता को सकुशल बरामद किया।

# एनसीसी में छात्राओं के लिए अपार संभावनाएं सैन्य बलों की भर्तियों में मिलती हैं विशेष छूट

## जीबीएम कॉलेज में भर्ती के लिए नामांकन शुरू, 10 तक करें आवेदन

राष्ट्रीय खबर



**बोधगया** : छात्राओं के लिए एनसीसी में अपार संभावनाएं हैं। एनसीसी में शामिल होकर छात्राएं करियर भी संवार सकती हैं। जीबीएम कॉलेज के एनसीसी की केयरटेकर ऑफिसर डॉ. कुमारी रश्मि प्रियदर्शनी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि एनसीसी के सर्वांगीण विकास एवं एनसीसी के प्रति छात्राओं को जागरूक करने की दिशा में गंभीरता से पहल की जाएगी। सत्र 2023- 25 के लिए सीनियर विंग के कैडेट्स के नामांकन की प्रक्रिया 4 अगस्त से शुरू हो चुकी है।आइए एवं आइएससी प्रथम वर्ष तथा बीए, बीएससी, बीकॉम फर्स्ट सेमेस्टर की नव नामांकित छात्राओं के लिए यह सुनहरा अवसर है। नामांकन के लिए इच्छुक छात्राएं ऑनलाइन नामांकन रसीद एवं कक्षा दशम के प्रमाण पत्र की छाया प्रति या 10 अगस्त तक जमा करनी होगी। उसी दिन अपराहन 12:30 बजे महाविद्यालय परिसर में एनसीसी में नामांकन के लिए चयन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि एनसीसी में कैडेट्स को शरीरिक प्रशिक्षण के साथ ही कई सारी शिक्षा प्रदान की जाती है। नेतृत्व की योग्यता, आत्मविश्वास, सम्मान की भावना, संचार कौशल और सबसे महत्वपूर्ण आर्ल्ड फोर्सेज का ज्ञान दिया जाता है। उन्होंने कहा कि हर क्षेत्रों में कार्य करने के लिए अनुशासन और आत्मनिर्भरता की जरूरत होती है। सर्टिफिकेट के फायदे बताते हुए उन्होंने कहा कि एनसीसी के ए, बी एवं सी सर्टिफिकेट योग्यताधारी को तीनों सेनाओं में प्राथमिकता दी जाती है। जिन कैडेट्स के पास एनसीसी का ₹सीₑ सर्टिफिकेट होता है उनके लिए भारत के तीनों सेनाओं में जाने के लिए एक विशेष आरक्षण मिलता है। यूपीएससी द्वारा कराए जाने वाले एनडीए और सीपीएस एसएसबी की परीक्षाओं में एनसीसी ₹सीₑ सर्टिफिकेट धारी को विशेष छूट जाती है। पारा मिलिट्री फोर्स जैसे बीएसएफ, सीआरपीएफ एवं सीआईएसएफ की सभी परीक्षाओं में भी 10 अंक मिलते हैं।पुलिस बलों में इंस्पेक्टर और सब इंस्पेक्टर के लिए भी निकलने वाली भर्तियों में भी एनसीसी 'सी' सर्टिफिकेट धारकों के लिए विशेष आरक्षण दिया जाता है। एनसीसी कैडेट्स को 12वीं की परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद प्रोफेशनल कोर्स के लिए द्वारा मान्यता प्राप्त कॉलेजों में विशेष स्कॉलरशिप प्रदान की जाती है। वर्तमान में स्नातक स्तर की पढ़ाई में इलेक्टिव विषयक रुप में एनसीसी को चेंज किया गया है।इसके आधार पर सरकारी के साथ-साथ प्राइवेट सेक्टर में रोजगार के विपुल अवसर प्राप्त होते हैं। कॉलेज की छात्राओं को एनसीसी में भर्ती के लिए प्रेरित किया जा रहा है ताकि वे आगे चलकर देश सेवा के लिए कार्य कर सकें।

## न्यूज फटाफट

### विधुत स्पशार्घात से एक की मौत

**रामनगर** : प्रखंड के डैनमरवा गांव कामेश्वर साह के पुत्र राजू साह की मौत विधुतस्पशार्घात से गई। जानकारी मिलने पर परिजनों में चीख पुकार मच गई। घटना से गांव में मातमी सन्नाटा पसर गया। मृतक मैकेनिक के रूप में काम करता था। अपने घर में विधुत करंट की चपेट में आने से गंभीर रूप से जख्मी होकर गिर गया। जिसे आननफानन में परिजनों द्वारा पीएचसी पहुंचाया गया, जहां मौजूद डॉ दयाशंकर आर्या ने उसे मृत घोषित कर दिया। मुखिया प्रतिनिधि सिंकंदर आजम ने बताया कि मृतक के तीन बेटियां और एक बेटा है। जिनके सर से पिता का साया उठ गया।

### थाना के हाजत से फरार बंदी मामले में तीन पर मुकदमा दर्ज

**बगहा** : व्यवहार न्यायालय के परिसर में स्थित उत्पाद थाना के हाजत से फरार बंदी मामले में पठखौली ओपी में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। उत्पाद थाना के एएसआई मुन्ना कुमार से मिले आवेदन के अनुसार तीन लोगों पर नामजद मुकदमा दर्ज किया गया है।

मामले में पटखौली ओपी प्रभारी नितेश कुमार ने बताया कि प्राप्त आवेदन के आलोक में उत्पाद थाना के हाजत से फरार शराब कारोबारी राजा खान सहित रात्रि प्रहरी के रूप में ड्यूटी में तैनात होमगार्ड के 2 जवान संजय सिंह तथा राजकिशोर यादव पर नामजद मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले में अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है।

### राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता को लेकर ग्राम कचहरी में हुआ कार्यक्रम

**सुगौली, पू च** : प्रखण्ड के दक्षिणी सुगांव पंचायत में पंचायत सरकार भवन के ग्राम कचहरी कक्ष में राष्ट्रीय लोक अदालत से मिलने वाले लाभ व आई फ्लू से बचाव को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता सह स्वयं सेवक अवधेश कुमार गुप्ता के द्वारा उपस्थित ग्रामीणों को जागरूक किया गया। जिसकी अध्यक्षता सरपंच राजेन्द्र प्रसाद ने किया। इस दौरान श्री गुप्ता ने लॉ योजना तथा आई फ्लू के संक्रमण से बचाव को लेकर महत्वपूर्ण जानकारी दी। तथा, सुलहनीय वादों का निस्तारण आपसी सद्भाव व सहमती से कराने की अपील की। मौके पर ग्राम कचहरी पंच महेश कुमार मिश्र, न्याय मित्र शम्भू शरण प्रसाद, ग्राम कचहरी सचिव, पंडित हरिश्चंद्र मिश्रा, पन्नालाल सहनी, सुरेश सहनी, दिलीप ठाकुर सहित अन्य दर्जनों मौजूद थे।

### पर्यवेक्षिका ने सेविकाओं के साथ बैठक कर दिए केई दिशा-निर्देश

**बगहा/पिपरासी** : मधुबनी पिपरासी बाल विकास परियोजना के सेक्टर 4 और 5 के सभी आंगनबाड़ी सेविकाओं की बैठक परियोजना कार्यालय मधुबनी में पर्यवेक्षिका शीला गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित की गई । जिसमें कन्या उत्थान योजना, पोषण ट्रैकर ,स्तनपान सप्ताह दिवस आदि पर चर्चा की गई । पर्यवेक्षिका शीला गुप्ता ने बताया के सेक्टर 4 और 5 की सभी आंगनबाड़ी सेविकाओं की एक बैठक परियोजना कार्यालय पर आयोजित की गई है । जिसमें मुख्यमंत्री कन्या उत्थान का फॉर्म जमा करने का निर्देश दिया गया है । उन्होंने बताया कि पोषण ट्रैकर पर आंगनबाड़ी केंद्र से संबंधित सभी गतिविधियों को भी अपलोड करने का निर्देश दिया गया है ।उन्होंने बताया कि सभी स्कूल पूर्व शिक्षा के नामांकित बच्चे , टीएचआर वितरण, उपस्थिति ,साफ सफाई आदि सभी गतिविधियों को पोषण ट्रैकर पर अपलोड करना है । उन्होंने बताया कि 1 अगस्त से लेकर 7 अगस्त तक स्तनपान दिवस चलाया जा रहा है ।जिसमें सातों दिन अलग-अलग गतिविधियां करना है । बैठक में सेविका बेबी मिश्रा ,सरोज दुबे ,किरण दुबे, ममता देवी व रीता पाठक सहित दर्जनों सेविकाएं उपस्थित रहीं ।

### उपलब्धि : लूटकांड में संलिप्त युवक गिरफ्तार

**सिकटा, प च** : थाना क्षेत्र में विगत 18 जुलाई को एयरटेल कम्पनी में कार्यरत आकिब रहमान से 58000 रुपए एवं वन प्लस मोबाईल अज्ञात लुटेरों ने लूट लिया। जिस संदर्भ तीन अज्ञात लुटेरों के विरुद्ध दर्ज किया गया। इस घटना में संलिप्त मोजीबुल हक व धौसुलाह दोनों शेरवा टोला झुमका को लूटे गये वन प्लस मोबाईल के साथ गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। वहींलूटकांड के शेष अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापामारी की जा रही है। टीम का नेतृत्व थनाध्यक्ष रमेश कुमार महतो कर रहे थे।

### सीडीपीओ ने किया आंगनबाड़ी केंद्रों का औचक निरीक्षण

**बगहा** : सीडीपीओ सोहैल अहमद ने लगुनहा चौतरवा पंचायत के 8 आंगनबाड़ी केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान केंद्र संख्या 1, 2, 3, 5, 9, 10, 11 व 238 की जांच की गई। केंद्र संख्या 11 पर जांच के दौरान बच्चों की उपस्थिति बेहद कम पाकर सीडीपीओ ने गंभीर नाराजगी जताई। सेविका, सहायिका समेत बच्चे भी ड्रेस कोड में नहीं थे। सीडीपीओ ने बताया कि सेविकाओं को सख्त हिदायत दी गई है कि वे स्वयं ड्रेस कोड का पालन सुनिश्चित कराएं। सीडीपीओ ने बताया कि बच्चों की शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने, पोषाहार का ससमय वितरण, पोषण ट्रैकर पर आंकड़ों की उचित प्रविष्टि, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान व प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना जैसी महत्वाकांक्षी योजनाओं के तहत योग्य लाभार्थियों के चयन व योजनाओं के क्रियान्वयन में समुचित सहयोग की हिदायत उन्होंने दी। केंद्र संचालन में किसी भी प्रकार की अनियमितता या कोताही की सूचना मिलने पर संबंधित सेविका व सहायिका के खिलाफ फौरन जांच कर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### राहुल गांधी की संसद सदस्यता पुनः बहाल होने पर कांग्रेसियों में हर्ष

**बगहा/पिपरासी** : गंडक पार के कांग्रेस कार्यकताओं व पार्टी के पदाधिकारियों में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष और लोकसभा सदस्य राहुल गांधी की सांसद सदस्यता सुप्रीम कोर्ट ने बहाल करने पर खुशी जाहिर करते हुए मिठाई का वितरण किया गया है। और इस ऐतिहासिक राहुल गांधी की जीत के लिए सुप्रीम कोर्ट के जजमेंट का स्वागत किया है। राहुल गांधी को बधाई देने वालों में प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि विवेक यदुवंशी, पिपरासी प्रखंड अध्यक्ष चंद्र प्रताप उर्फ साधु यादव, मधुबनी के प्रखंड अध्यक्ष डॉ. शारदा प्रसाद यादव, ठकरहा प्रखंड अध्यक्ष सुरेश तिवारी, बगहा के प्रखंड के पूर्व अध्यक्ष रामा शंकर दुबे , चंपारण के आदिवासी नेता नत्थू उरांव, पूर्व अनुमंडल आदि शामिल हैं। कांग्रेस के नेता राहुल गांधी के जीत पर मिठाई बांटकर आपस में खुशी जाहिर किया ।

### सीएस ने किया पीएचसी का औचक निरीक्षण

**बगहा** : सिविल सर्जन श्रीकांत दुबे ने गुरुवार शाम रामनगर पीएचसी का औचक निरीक्षण किया। सीएस ने साफ-सफाई, प्रसव कक्ष आपातकालीन कक्ष, दवा भंडार समेत स्वास्थ्य कर्मियों के उपस्थिति पंजी का जायजा लेते हुए एनएचएम मद की राशि रजिस्टर संचिका का भी अवलोकन किया है। स्वास्थ्य कर्मियों को आशा फैसिलेटर्स व आशा कर्मी का ससमय भुगतान करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। सीएस ने चिकित्सा पदाधिकारी समेत मौजूद चिकित्सकों को अस्पताल के संचालन करने के लिए आवश्यक टिप्स दिए। मौके पर प्रखंड प्रमुख निहारिका नूतन, डॉ. एम काजीम, बीएचएम विपिन बिहारी, रविन्द्र राम, बीसीएम अनमोल कुमार, डीपीसी प्रभारी अमित कुमार समेत अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

## निषाद आरक्षण संकल्प यात्रा के दौरान वीआईपी सुप्रीमो का हुआ भव्य स्वागत

राष्ट्रीय खबर



**सुगौली, पू.च** : निषाद आरक्षण संकल्प यात्रा को लेकर प्रखंड के छपवा चौक पर वीआईपी का कार्यकर्ता सम्मेलन प्रमुख प्रतिनिधि सह वरीय नेता मनोज सहनी की अध्यक्षता में की गई। जहां वीआईपी सुप्रीमो मुकेश सहनी का भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री सहनी ने कहा कि निषाद आरक्षण को लेकर संकल्प यात्रा किया जा रहा है। बंगाल व उड़ीसा के तरह बिहार में भी निषाद को आरक्षण मिलना चाहिए। इसको लेकर तीन राज्य बिहार, यूपी व झारखंड में संकल्प यात्रा किया जा रहा है। जब तक निषाद समाज को आरक्षण नही मिल जाता है तब तक सड़क से लेकर सदन तक मेरी लड़ाई चलती रहेगी। प्रमुख प्रतिनिधि मनोज सहनी ने कहा कि देश की आजादी में निषाद समाज के कई लोगो ने अहम योगदान दिया।लेकिन उनको कही भी उचित जगह नही मिला। आज निषाद समाज जागरूक हो चुका है, जब तक निषाद समाज को अपना हक नही मिल जाता तब तक यह लड़ाई चलती रहेगी। मौके पर जिलाध्यक्ष अशोक सहनी, सीमा कुशवाहा, प्रमुख प्रतिनिधि मनोज सहनी, उपप्रमुख प्रतिनिधि शंभु साह, मोहन ठेकेदार, राजेश प्रसाद, बिपीन सहनी, शिवकुमार सहनी, शशि चौरसिया, बिनोद सहनी, रामजस सहनी, चुमन मिश्र, मृत्युंजय ठाकुर, पप्पू श्रीवास्तव, बिनोद कुशवाहा, बाबूलाल साह सहित भारी संख्या में लोग मौजूद थे।

## बिना शर्त राज्य कर्मी का दर्जा हो वार्ता का मुद्दा : शिक्षक महासंघ

राष्ट्रीय खबर



**मोतिहारी पू चः** नियोजित शिक्षकों के कई मसलों पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा की गई पहल पर परिवर्तनकारी शिक्षक महासंघ ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। संघ के कार्यकारी प्रदेश संयोजक नवनीत कुमार एवं प्रदेश संगठन महामंत्री शिशीर कुमार पाण्डेय ने कहा कि शिक्षक अपनी मांगो को लेकर सरकार की ओर से वार्ता की उम्मीद कर रहे थे, लेकिन सरकार की ओर से अब तक शिक्षक संगठनों से वार्ता को लेकर कुछ नही कहा गया है। नेता द्वय ने कहा कि संगठन लगातार एक ही मांग किया है कि सभी शिक्षकों को राज्य कर्मी का दर्जा मिलना चाहिए। इसमे किसी भी प्रकार का अनुभव या कार्य अवधि की बाध्यता नही लगानी चाहिए बल्कि राज्य के सभी पंचायतीराज एवं नगर निकाय अंतर्गत नियुक्त शिक्षक को एकसाथ बिना शर्त राज्य कर्मी का दर्जा मिलना चाहिए। प्रदेश मीडिया प्रभारी मृत्युंजय ठाकुर ने कहा कि महासंघ यह उम्मीद करता है कि मुख्यमंत्री ने जो बैठक आयोजित की है उसमे बिना शर्त राज्य कर्मी का दर्जा देने के मुद्दे पर ही वार्ता हो। अगर सरकार के तरफ से किसी भी तरह की शर्त रखी गई तो वह हमे मंजूर नही होगी। अनदेखी का खामियाजा भुगतना पड़ेगा।

## एसएसबी ने शिविर लगाकर निःशुल्क जांच व दवा वितरण किया



राष्ट्रीय खबर

**बगहा** : एसएसबी 65वीं वाहिनी द्वारा आज शुक्रवार को नागरिक कल्याण कार्यक्रम के तहत वाहिनी के समवाय मुख्यालय महादेव नाला के कार्य क्षेत्र अंतर्गत बनकटवा गांव में एक शिविर आयोजित कर ग्रामीणों को निःशुल्क ओपीडी की व्यवस्था की गई। कमांडेंट चिकित्सा अधिकारी 65वी वाहिनी डॉ विनय अग्रवाल सहित चिकित्सा टीम की उपस्थिती मे आयोजित इस शिविर में बनकटवा के कुल 46 महिलाओं व पुरुषों की निःशुल्क जांच कर उन्हे संबन्धित दवा का वितरण किया गया। निःशुल्क ओपीडी के अलावा डॉ विनय अग्रवाल के द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान तथा नशीली दवाओं के दुरुपयोग के संबंध में लोगों को जागरूक किया गया।

## जनता दरबार मे 25 फरियादियों की समस्या से अवगत हुए डीएम

## कई मामलों का ऑन द स्पॉट हुआ फैसला

राष्ट्रीय खबर

**मुंगेर** : जनता के दरबार में जिलाधिकारी कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को जिला पदाधिकारी नवीन कुमार कुल 25 फरियादियों की समस्याओं से अवगत हुए। उन्होंने सभी फरियादियों के आवेदन पर सुनवाई करते हुए तत्काल संबंधित पदाधिकारियों को जांच कर उचित कार्रवाई का निर्देश दिया। इस मौके पर अपर समाहर्ता मनोज कुमार, विशेष कार्य पदाधिकारी सह जिला आपदा पदाधिकारी चंदन कुमार, वरीय उप समाहर्ता ललीत राही सहित अन्य उपस्थित थे।

नया गांव बासुदेवपुर निवासी वृद्ध सजदा खातुन ने अपने आवेदन के माध्यम से कहा कि वह कैंसर पीड़ित हैं और उनका इलाज होमी भाभा कैंसर संस्थान मुजफ्फरपुर से चल रहा है, परन्तु उनके पास अब इलाज और भोजन हेतु भी पैसे नहीं हैं। वृद्ध महिला ने आवेदन के माध्यम से इलाज में मदद की मांग की। तत्काल जिलाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारी को महिला के इलाज के लिए कार्रवाई करने का निर्देश दिया। सफियाबाद निवासी आशा कुमारी ने राष्ट्रीय बचत योजना के अभिकर्ता का पंजीयन नवीकरण करने की मांग की। वहीं हवेली खड़गपुर पहाड़पुर निवासी रेणु देवी ने अपने पति अनिल पंडित की कोरोना से हुई मृत्यु के पश्चात मिलने वाले लाभ की मांग के लिए आवेदन दिया। जिलाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारी को इसकी जांच कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। जमालपुर दौलतपुर निवासी सुरेंद्र प्रसाद यादव ने नया गांव जमालपुर में उनके द्वारा खरीदी गयी जमीन पर राजेंद्र शर्मा, टुन्ना शर्मा, सोनू शर्मा द्वारा जबरदस्ती जमीन पर प्रतिमा स्थापित कर जमीन को अतिक्रमित करने की शिकायत की। जिलाधिकारी ने तत्काल संबंधित अंचलाधिकारी को मामले की जांच का निदेश दिया। नाथनगर मकंदपुर निवासी प्रेम कुमार ने अपनी फरियाद में कहा कि वे हवेली खड़गपुर प्रखंड के प्रसण्डो निवासी स्वतंत्रता सेनानी बुद्धिनाथ के नाती हैं, और उनके द्वारा आरक्षण प्रमाण पत्र के लिए आवेदन दिया गया है, परन्तु विभागीय स्तर से उन्हें प्रमाण पत्र के लिए लगातार आज कल कह कर टाला जा रहा है। जिलाधिकारी ने इस बाबत संबंधित पदाधिकारी को जांच का निर्देश दिया। वहीं टेटियाबंबर प्रखंड के भूना पंचायत निवासी रमण कुमार, अजय सिंह, जय प्रकाश सिंह, अशोक सिंह आदि ने आवेदन देते हुए कहा कि पंचायत में एकमात्र मैदान है जिसे नोनाजी पंचायत के वैसे लोगों जिन्हें रहने हेतु इंदिरा आवास का पर्चा भी दे दिया गया है, फिर भी उनके द्वारा उसी मैदान की जमीन पर जबरन दखल कर कब्जा करना चाह रहे हैं। जिलाधिकारी ने संबंधित अंचलाधिकारी को इस मामले की जांच कर उचित कार्रवाई का निर्देश दिया।

## प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने की ग्रामीण चिकित्सकों के साथ बैठक

राष्ट्रीय खबर



**मधुबनी** : प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मधुबनी में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ आनंद कुमार के अध्यक्षता में शुक्रवार को मधुबनी एवं भीतहा प्रखंड के सभी ग्रामीण चिकित्सको को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान ग्रामीण चिकित्सकों को फलेरिया सहित कई अन्य रोगो के बारे में बताते हुए क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले ग्रामीण चिकित्सकों को प्रशस्ति पत्र दिया गया। प्रशिक्षण में फाइलेरिया व कालाजर से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण उपरांत प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ0 आनंद कुमार ने बताया कि, फाइलेरिया से बचाव, बहुत जरूरी है और समय-समय पर दवा की छिड़काव, आदि का प्रशिक्षण दिया गया। चिकित्सा पदाधिकारी ने बताया कि, फाइलेरिया की मरीज का पहचान करने पर प्रत्येक मरीज पर सभी ग्रामीण चिकित्सको को 500 रुपये प्रोत्साहन के रूप में दिया जाएगा। वही प्रशिक्षक धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि फाइलेरिया के लिए बचाव ही उपाय है। यह मच्छरों के काटने से फैलता है। सरकार के तरफ से फाइलेरिया से बचाव के लिए प्रत्येक व्यक्ति को निःशुल्क दवा दिया जाना है। जिसमे ग्रामीण चिकित्सक भी सहयोग करेंगे। ग्रामीण चिकित्सक अपने अपने क्षेत्रों में फाइलेरिया ग्रसित मरीजो की पहचान कर कार्यालय को सूचित करेंगे। ऊक्त प्रशिक्षण में स्वास्थ्य प्रबंधक हिरामन चौधरी, ग्रामीण चिकित्सक, अनिल कुमार, परुषोतम पांडेय, दिनेश यादव, दिनेश राय, राजन राम सहित दर्जनों ग्रामीण चिकित्सक उपस्थित रहे।

## सीडीपीओ सह नोडल पदाधिकारी ने 13 प्रगणकों को दिया प्रमाण-पत्र



राष्ट्रीय खबर

**बगहा** : बिहार सरकार द्वारा कराए जा रहे जाति गणना कार्य पूर्ण होने पर प्रगणकों को मनोबल बढ़ाने के उद्देश्य से उन्हें प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जा रहा है। इसी क्रम में प्रखंड बगहा दो अंतर्गत तीन पंचायतों के कुल 13 प्रगणकों के जाति गड़ना कार्य पूर्ण होने पर उनके बीच प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। सीडीपीओ बगहा दो सह नोडल पदाधिकारी सावित्री दास ने बताया कि बिहार सरकार द्वारा जाति गणना कार्य शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में कराया जा रहा है। जिसको लेकर प्रखंड बगहा-दो अंतर्गत जिमरी नौतनवा, लक्ष्मीपुर ढोलबजवा एवं बैरागी सोनवर्षा पंचायत के 13 प्रगणकों के द्वारा समय से कार्य पूर्ण करने पर उनके बीच प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। प्रमाण पत्र मिलते ही प्रगणकों के चेहरे पर खुशी की लहर देखा गया।

## विश्व स्तनपान सप्ताह में महिलाओं को स्तनपान के महत्व की दी जानकारी

**बेतिया :** जिला के विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों में विश्व स्तनपान सप्ताह के दौरान महिलाओं को जागरुक किया जा रहा है। इस दौरान स्वास्थ्य केंद्र पर धात्री महिलाओं को नवजात बच्चों के लिए स्तनपान के महत्व की जानकारी स्वास्थ्यकर्मी दे रहे हैं। जिला के गौनाहा प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धनौजी की सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी मनीषा कुमारी ने बताया कि बच्चे के जन्म के तुरंत बाद नवजात को मां का गाढ़ा पीला दूध पिलाना आवश्यक है। इससे नवजात के शरीर में रोगप्रतिरोधक क्षमता का विकास होता है। शिशु को जन्म से लेकर 6 माह तक सिर्फ मां का दूध ही पिलाना चाहिए। उसके बाद से हल्का मुलायम ऊपरी आहार देना चहिए। बाहरी आहार से बच्चे को संक्रमण का खतरा होता है। इस लिए उन सभी से बचना चाहिए। उन्होंने बताया कि माँ के दूध में सभी आवश्यक तत्व मौजूद होते हैं। सिविल सर्जन डॉ श्रीकांत दुबे ने बताया कि स्तनपान कराने वाली महिलाओं को भोजन में प्रोटीन, आयरन और विटामिन बी 12 प्राप्त करने के लिए अपने आहार में संतुलित आहार जैसे मौसमी फल, हरी साग- सब्जियाँ, दूध अंडे, मेवे को शामिल करना चाहिए।

### गरीबों को पाँच डिस्मिल जमीन दे सरकार : भाकपा-माले

**बैरिया :** भाकपा-माले और अखिल भारतीय खेत ग्रामीण मजदूर सभा पश्चिम चम्पारण ने राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम अंतर्गत बैरिया प्रखण्ड कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन कर सभा किया। सभा को सम्बोधित करते हुए भाकपा-माले नेता सुनील कुमार राव ने कहा कि आज देशव्यापी कार्यक्रम अंतर्गत भाकपा-माले और अखिल भारतीय खेत व ग्रामीण मजदूर सभा (खेग्रामस) के बैनर के साथ बैरिया प्रखंड सह अंचल कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सम्बोधित एक मांग पत्र सौंपा गया है। उन्होंने कहा कि जो गरीब जहां बसे हैं का उनका मुकम्मल सर्वे के आधार पर नया वास-आवास कनून बनें तथा सभी भूमिहीनों को 5 डिसमील जमीन और पक्का मकान, हाउसिंग राइट को संवैधानिक दर्जा दिलायी जाय। बुलडोजर राज बिहार में नहीं चलेगा। इसे सरकार को वापस लेने के लिए बाध्य किया जाएगा। माले अंचल सचिव सुरेन्द्र चौधरी ने कहा कि दाखिल खारिज और परिमार्जन में भारी रिश्वत वसूल किया जा रहा है।

# अगले हफ्ते होगा अन्य पिछड़ा वर्ग कन्या आवासीय विद्यालय कदमहवा का शुभारंभ

## पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के मंत्री करेंगे शुभारंभ

राष्ट्रीय खबर



**बगहा :** शनिवार के दिन जिलास्तरीय संस्थापन समिति की बैठक जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय की अध्यक्षता में की गई। बैठक में पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के द्वारा अन्य पिछड़ा वर्ग कन्या आवासीय प्लस टू उच्च विद्यालय, कदमहवा के सफलतापूर्वक संचालन हेतु विभिन्न दिशानिर्देश दी गई।इस दौरान बैठक में विद्यालय के संस्थापन/संचालन हेतु शैक्षणिक आधारभूत संरचनाओं का निर्माण, विद्यालय का बेहतर तरीके से संचालन, विद्यालय में शैक्षणिक गुणवता में वृद्धि, अनुभवी परामर्शदाता की नियुक्ति, शिक्षा से जुड़े व्यक्तियों को स्वेच्छा से विद्यालय में सेवा देने आदि बिन्दुओं पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि अन्य पिछड़ा वर्ग कन्या आवासीय प्लस टू उच्च विद्यालय, कदमहवा, बगहा-02 का शुभारंभ माननीय मंत्री, पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, बिहार द्वारा आगामी सप्ताह में किया जाना है। यह आवासीय विद्यालय अनुसूचित जनजाति बालिका आवासीय उच्च विद्यालय, कदमहवा, बगहा-02 में संचालित किया जाना है। उन्होंने निर्देश दिया कि इस विद्यालय का संचालन बेहतर तरीके से कराना सुनिश्चित किया जाय। पठन-पाठन, भोजन, शुद्ध पेयजल, पोशाक, खेलकूद, स्वास्थ्य परीक्षण आदि की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाय।

उन्होंने कहा कि एक अभिभावक की तरह विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों की देखभाल सुनिश्चित करें और गुणवतापूर्ण शिक्षा प्रदान कर उनका भविष्य उज्जवल बनाएं। बच्चों को किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर उसका त्वरित गति से निराकरण करने का हरसंभव प्रयास करेंगे।

## भाजपा बूथ शक्ति केंद्र का हुआ सर्वेक्षण



राष्ट्रीय खबर

**बगहा/मधुबनी :** आगामी 2024 के लोकसभा चुनावों को लेकर देश सहित राज्य स्तरीय व प्रखंडों में भाजपा के पदाधिकारियों के द्वारा बूथ सशक्तिकरण सर्वेक्षण शुरू कर दिया गया है। इसी प्रकरण में महिला मोर्चा जिला अध्यक्षा सह मधुबनी प्रखंड प्रमुख विजया सिंह ने शुक्रवार को देर शाम तक मधुबनी प्रखंड के सिसई तथा चिउरही पंचायतों के क्रमशः 26, 27, 28, 29 बूथों का विधिवत रूप से कार्यकताओं के साथ मिलकर सर्वेक्षण किया। इस संदर्भ में विजया सिंह ने बताया कि राज्य कमेटी के निदेर्शानुसार प्रधानमंत्री मोदी की 9 वर्षों के काल में किये गये बेहतर कार्यों को लोगों के बीच बताने के साथ ही पार्टी को बूथ जिताने का फामूर्ला पर आधारित कार्यक्रम किया जा रहा है। जिसमें चिउरही के पंचायत के बूथ शक्ति केंद्र बिरगुन गद्दी छोटेलाल खटीक,तथा सिसई पंचायत के मुन्ना कुशवाहा के दरवाजे पर बूथ सर्वे किया गया ।

## बंदूक के नोक पर मुखिया के चाचा से रंगदारी की मांग

**मझौलिया :** प्रखंड अंतर्गत रूलही पंचायत के मुखिया पम्मी सिंह पति मनिल सिंह के चाचा चंदेश्वर सिंह के द्वारा कचरा संग्रह भवन का वार्ड नं.3 में निर्माण किया जा रहा था। जहां पंचायत के दो असामाजिक तत्व उन्हें बंदूक दिखाकर धमकी देने तथा मुखिया पति को अभद्र गाली देकर रंगदारी मांगने लगे। इस मामले में धर्मेंद्र कुमार कुणाल उर्फ मनिल सिंह मुखिया पति अपने आवेदन में लिखा है कि गांव के ही दो व्यक्ति द्वारा शुक्रवार को दोपहर मेरे कचरा संग्रह भवन पर जाकर मेरे चाचा को बंदूक दिखाकर धमकी देने तथा भदी भदी गाली देने पांच लाख रंगदारी के रूप में मांग करने लगे। इसी क्रम में गांव के अरविंद दुबे के द्वारा मेरे चाचा के गले से सोना का चेन छीन कर कार में बैठ कर भाग गए।इंस्पेक्टर सह थानाध्यक्ष अभय कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दी गई है। जल्द ही आरोपित को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दी जाएगी ।

## बेतिया नगर निगम में भ्रष्टाचार के विरुद्ध स्वयंसेवी संस्थाओं ने खोला मोर्चा

**बेतिया :** पश्चिम चम्पारण जिला मुख्यालय बेतिया स्थित बलिराम भवन में शनिवार को नगर निगम भ्रष्टाचार मुक्त जन जागरूकता अभियान अंतर्गत एक प्रेस वार्ता का आयोजन नगर निगम कर्मचारी संघ व जन प्रहरी के विनय बागी की अध्यक्षता में की गई। श्री बागी ने नगर निगम में हुए व्याप्त भ्रष्टाचार का पदार्फाश करते हुए विभिन्न प्रमाणों के साथ प्रेस प्रतिनिधियों के समक्ष प्रमाण पेश किया तथा कहा कि यदि इसमें सुधार एवं भ्रष्टाचारियों पर कानूनी कार्यवाही नहीं की जाती है तो नगर निगम भ्रष्टाचार मुक्त जन जागरूकता अभियान चलाकर नगर निगम में हो रहे भृष्टाचार के प्रति नगर वासियों को जागरूक किया जाएगा । उपर्युक्त कार्यक्रम दिनांक 07 अगस्त 2023 से नगर के प्रत्येक वार्ड में जाकर बेतिया की विकास तथा स्वच्छता के लेकर आम जनों के बीच नुक्कड़ सभा एवं अन्य संसाधनों से नगर निगम अधिनियम (एक्ट) के विषय में जानकारी के माध्यम से जागरूकता लाई जाएगी तथा आमजन के टैक्स की राशि का दुरुपयोग होने से बचाया जाएगा। इसमें सभी नगरवासियों को शामिल होने का आवाहन किया गया तथा इसमें बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने की बात कही गई। उन्होंने आगे बताया कि वर्तमान नगर आयुक्त शंभू कुमार जब से पदभार ग्रहण किया है तब से नगर निगम में सफाई के नाम से लेकर संसाधन की खरीदारी तथा कर्मचारियों की नियुक्ति आदि कई मामले में लूट ही लूट मची हुई है। इस अभियान में नगर निगम कर्मचारी संघ, जन प्रहरी के साथ स्वर्ग संस्था एवं वाल्मीकि प्रेस ट्रस्ट का भी सहयोग रहेगा। इस अवसर पर स्वर्ग संस्था के अधिवक्ता प्रेम कुमार दास, नगर निगम कर्मचारी संघ एवं जन प्रहरी के विनय बागी एवं वाल्मीकि प्रेस ट्रस्ट के मीडिया प्रभारी शेखर सोनी उपस्थित रहे। वही नगर आयुक्त से इस सम्बंध में प्रतिक्रिया लेनी चाही गई तो उन्होंने कहा कि इस सम्बंध में हमें कोई जानकारी नहीं है और न ही कोई मेमोरेंडम ही मिला है। वही दूसरी ओर महापौर गरिमा देवी सिकारिया से इस सम्बंध में उनके मोबाईल पर सम्पर्क किया गया तो रिंग होने के बाद भी मोबाईल रिसिव नहीं किया गया।

# वरिष्ठ भाजपा नेता ने प्रेस वार्ता कर स्टेशन के विकास कार्यों की जानकारी दी

राष्ट्रीय खबर



**सुगौली, पू.च :** अमृत भारत योजना में शामिल रेलवे स्टेशन के होने वाले कायाकल्प को लेकर नगर के विशुनपुरवा रोड स्थित अपने निजी आवास पर भाजपा के वरिष्ठ नेता रामगोपाल खंडेलवाल ने प्रेस कांफ्रेंस किया। जहां बताया गया कि 6 अगस्त को सुगौली स्टेशन के विकास कार्यों का शिलान्यास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा ऑनलाइन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मोदी सरकार के द्वारा पश्चिम चंपारण लोकसभा क्षेत्र के सुगौली रेलवे स्टेशन को विश्वस्तरीय बनाया जाएगा। अमृत भारत महोत्सव योजना के अंतर्गत सुगौली रेलवे स्टेशन के इन्फ्रास्ट्रक्चर में बड़े स्तर पर परिवर्तन होगा। इसकी स्वीकृति प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दी है। केन्द्र सरकार की योजनाओं के तहत रेलवे स्टेशन को आधुनिक सुविधाओं से लैस किया जाएगा। जहां पर वातानुकूलित व्यवस्थाओं के साथ साथ, लिफ्ट, एक्सीलेटर सहित तमाम आधुनिक सुविधाएँ सुसज्जित होंगी। गौरतलब हो कि अमृत भारत योजना के तहत देश भर में कुल 1275 रेलवे स्टेशनों का कायाकल्प किया जा रहा है। जिसमे सुगौली रेलवे स्टेशन को भी शामिल किया गया है। रेलवे में ट्रेनों की लगातार बढ़ोतरी और यात्रियों को मिलने वाली सुविधाओं को स्कूली छात्र लिखित रूप में दशाएंगे।स्कूली बच्चों के द्वारा तरह-तरह के कार्यक्रम का आयोजन भी किया जाएगा। जो ज्ञान और मनोरंजन से भरपूर होगा।मौके पर पूर्व मंत्री रामचंद्र सहनी, ओबोसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष विकाश शर्मा, जिला महामंत्री रामइकबाल प्रसाद, विधानसभा सह संयोजक संजय संजू सहित अन्य मौजूद रहे।

## उच्च न्यायालय के जाति आधारित गणना कराने का निर्णय स्वागत योग्य : सुरैया सहाब

अवधेश कुमार शर्मा

**बेतिया :** पटना उच्च न्यायालय ने ऐतिहासिक निर्णय में बिहार सरकार को पुनः जाति आधारित गणना कराने का आदेश दिया है। इस आदेश के आलोक में, बिहार में पुनः जाति आधारित गणना का काम पूर्व के प्रतिनियुक कर्मियों से सरकार ने प्रारम्भ कर दिया है, इसके पूर्व उन्हीं कर्मियों ने 80% जाति आधारित गणना कार्य को पूरा कर लिया है। शेष कार्य अगस्त माह 2023 के तीसरे सप्ताह तक में ही पूरा होने के संभावना है। इस न्यायोचित, स्वागत योग्य कदम की चहुंओर प्रशंसा की जा रही है। इस सम्बंध में, जिला जदयू महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष, सुरैया शहाब ने एक प्रेस वार्ता में अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए। न्यायालय के निर्णय को ऐतिहासिक, सर्वमान्य, न्यायोचित ठहराते हुए अभूतपूर्व की संज्ञा दी है। इससे 2024 के लोकसभा चुनाव में महागठबंधन को बहुमत मिलने की संभावना बन रही है।

## समाहरणालय पर आयोजित धरना प्रदर्शन में 9 को जुटेंगे किसान

**रीगा :** अगस्त क्रांति दिवस के अवसर पर जिला समाहरणालय पर 9 अगस्त को आयोजित धरना प्रदर्शन में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने हेतु प्रखंड क्षेत्र के दर्जनों गांवों का दौरा संयुक्त किसान संघर्ष मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष पारसनाथ सिंह के नेतृत्व में किया गया। भ्रमण अभियान में अध्यक्ष के साथ संजीव कुमार चौधरी, रामजन्म गिरी, नागेंद्र बैठा, नथुनी राय पटेल, कौशल किशोर सिंह, रमेश प्रसाद सिंह, मोहन राम, नरेश झा, रामाशंकर राय आदि शामिल हुए। अध्यक्ष ने बताया कि अखिल भारतीय किसान संघर्ष समन्वय समिति एवं संयुक्त किसान संघर्ष मोर्चा के तत्वावधन में आगामी 9 अगस्त को क्रांति दिवस के अवसर पर सीतामढ़ी जिला समाहरणालय पर आयोजित धरना प्रदर्शन में अधिक से अधिक संख्या में जुटे। इस दौरान जिला को सूखाग्रस्त क्षेत्र घोषित करने, किसानों को अविलंब अनुदान मुहैया कराने, सभी राजकीय नलकूपों को चालू कराने, किसानों को निशुल्क बिजली एवं उर्वरक की व्यवस्था आगामी खेती के लिए करने, सभी किसानों का कर्ज माफ करने, गन्ना मूल्य के बकाए का भुगतान चीनी मिल मालिक से कराने सहित अन्य मांग शामिल हैं।

## विद्यालय से 42 बोरा चावल की चोरी

**सुगौली,पू.चः** थाना क्षेत्र के राजकीय मध्य विद्यालय छगराहां में शुक्रवार रात अज्ञात चोरों ने 42 बोरा चावल चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोरों ने स्टोर रूम और विद्यालय के मेन गेट का ताला तोड़ चोरी किया। घटना को लेकर विद्यालय के प्रधानाध्यापक कृष्ण प्रकाश ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध थाना में एक आवेदन दिया है। जिसमें उन्होंने बताया है कि विद्यालय के स्टोर रूम से बीस क्विंटल अड़तीस किलो पांच सौ चावल जो 42 बोरा में रखा गया था। जिसे शुक्रवार के रात्रि में अज्ञात चोरों के द्वारा चोरी कर लिया गया है। चोर उक्त खाद्यान को गाड़ी से ले गये है। जिनके चक्का का चिन्ह विद्यालय प्रांगण में मौजूद है। इस बाबत थानाध्यक्ष धनंनजय शर्मा ने बताया कि आवेदन प्राप्त होते हीं पुलिस जांच में जूटी है।

# अनुमंडल लोक शिकायत कार्यालय में विद्युत बिल का हुआ निपटारा

राष्ट्रीय खबर



**बगहा :** अनुमण्डलीय लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी के कार्यालय में विद्युत विपत्र सुधार करने के लिए परिवाद दायर किया गया। इस संबंध में सहायक विद्युत अभियंता, विद्युत आपूर्ति अवर प्रमण्डल-बगहा को नोटिस भेजकर प्रतिवेदन की मांग की गई। सुनवाई के तिथि पर सहायक विद्युत अभियंता, विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल बगहा ने आवेदक आशुतोष गोस्वामी के परिवाद के आलोक में इनके विद्युत विपत्र उपभोक्ता संख्या- 132104811329 का जांच किया गया एवं इनके तकनीकी रूप से त्रुटिपूर्ण विद्युत विपत्र जुलाई-2023 का 36621.00 रूपया था। जिसे सुधार कर 8052.00 रूपया बना जो उपभोक्ता द्वारा देय है। इनके विपत्र में कुल 28568.00 रूपया का सुधार किया गया। सुनवाई के क्रम त्रुटिपूर्ण विद्युत विपत्र भूमि सुधार उप समाहर्त्ता सह अनुमण्डलीय लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी नीरज कुमार दास द्वारा परिवादी आशुतोष गोस्वामी को हस्तगत कराया गया एवं विधुत विभाग कर्मी बुद्धदेव प्रसाद दास साथ में जिला समादेष्टा एस के वर्मा एवं कार्यपालक सहायक प्रभाकर कुमार एवं सभी कार्यालय कर्मी उपस्थित रहे।

## अमृत भारत योजना के तहत चयनित सुगौली स्टेशन पर कार्यक्रम आज, तैयारियां पूरी



राष्ट्रीय खबर

**सुगौली,पू.चः** अमृत भारत योजना के तहत स्टेशन पर आज होने वाले कार्यक्रम की सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है।इसकी जानकारी देते हुए स्टेशन अधीक्षक के नीलमणि तिवारी ने बताया कि कार्यक्रम को लेकर आकर्षक पंडाल बनाया गया है। आने वाले गणमान्य लोगों के लिए बैठने की उचित व्यवस्था की गई है। स्टेशन का अमृत भारत योजना के तहत चयन किया गया है। जिसको लेकर अतिथियों को निमंत्रित किया गया है। रेलवे की उपलब्धियों को छात्र अपने अलग-अलग कलाकृतियों द्वारा प्रस्तुत करेंगे। जिसको दशार्ने के लिए कार्यक्रम के पहले शहर के विद्यालयों में छात्रों के बीच निबंध लेखन, भाषण प्रतियोगिता और ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। शहर के नंद उच्च माध्यमिक विद्यालय, पंडित दीनदयाल बालिका उच्च विद्यालय, सरस्वती विद्या मंदिर, रेडिएंट गर्ल्स स्कूल, दृष्टि गुरुकुल पब्लिक स्कूल और जी के मेमोरियल के छात्र छात्राओं ने इन प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया है। प्रत्येक विद्यालय के अच्छा प्रदर्शन किए प्रथम द्वितीय और तृतीय छात्रों का चयन किया गया है। इन विद्यालयों में आयोजित कार्यक्रमों में चयनित 45 छात्र छात्राओं को कार्यक्रम में पुरस्कृत किया जाएगा। साथ ही सरस्वती विद्या मंदिर जीके मेमोरियल स्कूल और उच्च विद्यालय के छात्र छात्राओं के द्वारा मंच पर रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा। मौके पर भाजपा नेता प्रदीप सर्राफ, हर्षवर्धन सर्राफ सहित रेलवे कर्मी मौजूद रहे।

# गयाजी में 28 सितंबर से 14 अक्टूबर तक चलेगा विश्व प्रसिद्ध पितृपक्ष मेला, डीएम ने की समीक्षा

### फल्गु नदी को साफ रखने में पंडा पुरोहितों का सहयोग अपेक्षित

राष्ट्रीय खबर

**गया :** पितृपक्ष मेला- 2023 के सफल आयोजन तथा देश-विदेश से आने वाले तीर्थयात्रियों को बेहतर से बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी द्वारा समीक्षा बैठक की गई। जिसमें मेला क्षेत्र के साथ साथ सभी वेदी स्थल में पूर्व से किये जाने वाले आधारभूत सुविधाओं यथा साफ सफाई, पेयजल व्यवस्था, पर्यपत टॉयलेट, तालाब के काई की सफाई, सीढ़ी की मरम्मत, घाटो,रास्तो, तालाबो,सरोवर में पर्याप्त रोशनी, भीड़ नियंत्रण की वैकल्पिक व्यवस्था, नियमित बिलीचिंग पाउडर का छिड़काव, कुंडो की सफाई, यात्रियों को बैठकर तर्पण करने की व्यवस्था आदि के संबंध में किये जा रहे तैयारियों का समीक्षा किया गया। इस अवसर पर समाहरणालय सभगार में सम्बंधित पदाधिकारी एवं पंडा समाज के पुरोहित मौजूद रहे।

इस वर्ष पितृपक्ष मेला 28 सितंबर से शुरू होकर 14 अक्टूबर तक चलेगा, इस 15 दिनों में लाखों तीर्थयात्री तर्पण करने यहां आते हैं, प्रशासन द्वारा हर स्तर पर उनकी सुविधाओं को उपलब्ध करवाने के लिये बेहतर से बेहतर काम करवा रहे हैं, ताकि यात्रियों को कोई छोटी से छोटी भी असुविधा न हो सके। डीएम ने सभी विभागों को निर्देश दिया है अपने कार्यक्षेत्र में आवंटित सभी कार्यो को हर हाल में 15 सितंबर तक पूर्ण कर ले, ताकि अंतिम समय जो बचेगा उसमे मेला का एक अच्छी रूप रेखा दिया जा सके। मेला क्षेत्र की सड़कें यथा विष्णुपद, चांद चौरा, बंगाली आश्रम, दखिन दरवाजा, माड़नपुर, अक्षयवट, नारायण चुआ, प्रेतशिला, रामशिला, बिसार तालाब, पिता महेश्वर आदि के समीप खराब सड़को को हर हाल में अगस्त माह के अंतिम सप्ताह तक बनवाना सुनिश्चित करे।डीएम ने नगर आयुक्त को निर्देश दिया कि मेला क्षेत्र में विभिन्न नालो के मेनहोल को ढकवाने हेतु अभी से ही कार्य करे। डीएम ने सभी पंडा-पुरोहितो से अपील किया है कि फल्गु नदी को स्वच्छ रखने में आपकी अहम भूमिका रहेगी, आप अपने स्तर से स्थनीय पंडितो के साथ'साथ पिंडदानियों में व्यवहार परिवर्तन कराने की आवश्यकता है। पिंडदान के पश्चात पिंड अवशिष्ट एवं अन्य सामान जो नदी में प्रवाहित किया जाता है, जिससे फल्गु का पानी गंदा होने की पूरी संभावना रहेगी। फल्गु को साफ रखने में विशेष पहल करने में सहयोग करे। सामग्रियों को प्रवाहित के लिये घाट पर बड़े बड़े पीट पक्का स्ट्रक्चर बनाया गया है, जहां पिंडदानी अपना पूजन सामग्री वहां डाल सकते हैं। साथ ही बड़े आकार के डस्टबिन भी लगाया गया है। बैठक में नगर आयुक्त अभिलाषा शर्मा, उप विकास आयुक्त विनोद दुहन, सहायक समाहर्ता, वरीय उप समाहर्ता रविन्द्र कुमार दिवाकर, अनुमंडल पदाधिकारी सदर, पुलिस उपाधीक्षक नगर, भूमि सुधार उप समाहर्ता, पंडा समाज के महेश लाल गुप्त, श्री विष्णुपद प्रबंधकारिणी समिति के सदस्य मणिलाल बारिक, प्रेमनाथ टईया सहित सभी कोषांग के वरीय एवं नोडल अधिकारी उपस्थित थे।



# कृषकों की उन्नति को मधुमक्खी पालन के क्षेत्र में असीम संभावनाएं : डीएम

## जिला को मधुमक्खी पालन में बनाएं अग्रणी, मधु के साथ मोम व अन्य उत्पादों का करें उत्पादन

**मधुमक्खी पालन विषय पर दो दिवसीय कृषक सेमिनार का शुभारंभ**

**अवधेश कुमार शर्मा**




**बेतिया, प च :** जिला पदाधिकारी दिनेश कुमार राय ने शनिवार को मधुमक्खी पालन विषय पर जिलास्तरीय दो दिवसीय कृषक सेमिनार का विधिवत शुभारंभ दीप प्रज्जवलित कर किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि उप विकास आयुक्त अनील कुमार, जिला कृषि पदाधिकारी, प्रवीण कुमार राय, महाप्रबंधक जिला उद्योग केन्द्र, अनील कुमार सिंह, विशेष कार्य पदाधिकारी सुजीत कुमार, सहायक निदेशक उद्यान राजू राउत, उप परियोजना निदेशक आत्मा पूजा राय, प्रखंड उद्यान पदाधिकारी बेतिया अप्पू राजा व अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। कृषक सेमिनार का शुभारंभ करते हुए डीएम ने कहा कि शहद उत्पादन के क्षेत्र में पश्चिम चम्पारण जिला के कृषक सार्थक प्रयास कर रहे हैं, इसे और उत्कृष्ट करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि मधुमक्खी पालन के क्षेत्र में असीम संभावनाएं हैं। जीविका दीदियां मधुमक्खी पालन कर शहद उत्पादन सहित अन्य प्रोडक्ट्स का उत्पादन कर आगे बढ़ सकती हैं। उन्होंने कहा कि मधुमक्खी पालन में अच्छा प्रदर्शन करने पर कृषकों के परिवार का सर्वांगीण विकास होगा, आने वाली पीढ़ियों को एक बेहतर भविष्य उपलब्ध हो सकेगा। उन्होंने कहा कि मधुमक्खी पालन अंतर्गत प्रोडक्शन की पैकेजिंग, ब्रांडिंग, मार्केटिंग पर विशेष ध्यान देना होगा। इससे उत्पाद की कीमत बढ़ जायेगी तथा तेजी के साथ डिमांड बढ़ेगा। जिला पदाधिकारी ने कहा कि कृषक कम लागत में अत्यधिक मुनाफा के साथ मधुमक्खी पालन कर सकते हैं। सरकार की कई सारी योजनाएं संचालित की जा रही है, जिसका लाभ मधुमक्खी कृषक लेकर आगे बढ़ें। सेमिनार को संबोधित करते हुए उप विकास आयुक्त अनील कुमार ने कहा कि मधुमक्खी पालन कर केवल शहद उत्पादन पर ही ध्यान नहीं दें बल्कि मधुमक्खी पालन कर शहद के अलावा अन्य प्रोडक्शन पर भी फोकस करें। मधुमक्खी पालन से मधु, मोम के अलावा अन्य कीमती पदार्थ जैसे-राजअवलेह, मधुमक्खी विष, पराग एवं मधुमक्खी गोंद का उत्पादन करके अधिक मुनाफा कमाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि हनी प्रोडक्शन (मधु उत्पादन) में बिहार अग्रणी है। प्रयास ऐसा करें कि हनी के साथ अन्य प्रोडक्ट्स में भी जिला सहित बिहार राज्य को अग्रणी बनाया जाय। उन्होंने कहा कि यहां के किसान काफी मेहनती हैं, कृषि एलायड क्षेत्र में पूरे मनोयोग से कार्य कर आगे बढ़ रहे हैं।उन्होंने कहा कि मधुमक्खी पालन के तहत विभिन्न उत्पादों के प्रोडक्शन के साथ ही मार्केटिंग पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। मार्केट में यहां के उत्पादित प्रोडक्ट्स की खपत आसानी से हो जाया करेगी। उन्होंने कहा कि मधुमक्खी पालन को बढ़ावा देने के लिए डीपीएम, जीविका एवं महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र समन्वय स्थापित कर इस क्षेत्र में आगे बढ़ने वाले कृषकों को सरकार की सभी सुविधाएं, योजनाओं से आच्छादित करें। सेमिनार के तकनीकी सत्र में कृषकों को मधुमक्खी पालन, मधुमक्खी पालन पर तकनीकी जानकारी से संबंधित प्रजेंटेशन के साथ ही मत्स्य पालन, उद्यान विभाग की योजनाओं, पशुपालन विभाग की योजनाओं, आत्मा योजना, कृषि रसायन एवं पौधा संरक्षण से सम्बंधित विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी।

## पूर्व एमएलसी पुत्र के निधन पर शोक सभा का आयोजन

**नासरीगंज :** प्रखण्ड के महाराजगंज गांव में लोजपा (आर) के नेता शम्भू पासवान के नेतृत्व में पूर्व एमएलसी हुलास पांडेय के 13 वर्षीय पुत्र अक्षित की संदिग्ध परिस्थिति में मौत पर शोक सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने उनके पुत्र के आत्मा की शांति हेतु दो मिनट का मौन रख भगवान से प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि पूर्व एमएलसी के पुत्र की अकास्मिक मौत सभी के लिए कष्टदायी है। भगवान उनकी आत्मा को शांति और मोक्ष प्रदान करें। मौके पर लोजपा कार्यकर्ता राधेश्याम पासवान, वीरेंद्र यादव, पुरुषोत्तम कुमार, वीरेंद्र पासवान, मुकुल पाठक, श्री भगवान पासवान, विकास शर्मा, छेदी सिंह, मंटू पासवान, रामानुज कुमार, चंदन पासवान, विनोद सिंह, जितेंद्र पासवान, अखिलेश अनाड़ी, गोपाल कुमार, आकाश कुमार, यशवंत राम, हरे कृष्ण पासवान व जय राम समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सुगर इंडस्ट्रीज में महारुद्राभिषेक महायज्ञ वैदिक मंत्रोच्चार से सम्पन्न



**राष्ट्रीय खबर**

**मझौलिया :** सुगर इंडस्ट्रीज परिसर स्थित शिव शक्तिधाम मझौलिया में शनिवार वैदिक मंत्रोच्चार के बीच महारुद्राभिषेक महायज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमे भारी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। कोलकता से पधारे प्रसिडेंट राजेश सारडा बतौर यजमान शामिल हुए। विधिवत पूजा अर्चना के बाद दूध, मध,भांग, गन्ना का रस और गंगाजल से जलाभिषेक किया। सर्वे भवन्तु सुखिनः की कामना से देवाधिदेव महादेव का पूजा अर्चना किया। आचार्य पंडित चुनचुन पांडेय ने बताया कि सावन के पावन महीने में जलाभिषेक का बड़ा महत्व है। जलाभिषेक और पूजन से मनवांक्षित फल की प्राप्ति होती है। हर हर महादेव शम्भू से गुंजा शिव शक्तिधाम। महा आरती में लोगों की भीड़ उमड़ी। इस अवसर पर जीएम केन डॉ. जे पी त्रिपाठी, जीएम इंजीनियरिंग संतोष कुमार, जीएम प्रोडक्शन सर्वेश कुमार दुबे, डीजीएम कमर्शियल यू एन राय, एजीएम एकाउंट्स विजय आनंद, प्रोडक्शन मैनेजर प्रदीप कुमार शुक्ला, सीनियर मैनजर एच आर रमाकांत मिश्रा, चीफ केन मैनजर अखिलेश कुमार सिंह, मुख्य रोकड़पाल राजकुमार झुनझुनवाला, सर्वेश श्रीवास्तव, प्रमोद कुमार, एस पी श्रीवास्तव, सिक्योरिटी अफसर अशोक मिश्र मुख्य रूप से शामिल हुए। संध्या समय हनुमान आराधना के साथ एक भंडारा का आयोजन किया गया। देर रात तक लोग भक्ति भाव मे डूबे रहे।

## शाखा प्रबंधक के स्थानांतरण पर विदाई समारोह आयोजित

**राष्ट्रीय खबर**



**नासरीगंज :** प्रखण्ड के कच्छवा दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक में पदस्थापित सहायक शाखा प्रबंधक आशुतोष कुमार सिंह का शनिवार को विदाई समारोह का आयोजन किया गया। विदित हो कि श्री कुमार कच्छवा ग्रामीण बैंक में सहायक शाखा प्रबंधक के रूप में पदस्थापित थे। जिनका स्थानांतरण जमुई जिले में हुआ है। उनके बेहतरीन कार्यकाल को याद कर उपभोक्ताओं में खासा उदासी देखा गया। उन्होंने उपभोक्ताओं को समझाया कि मुलाजिम होने के कारण नियमों का पालन करना पड़ता है। हमें आशा है कि इससे भी बेहतरीन सेवा आप लोगों को मिलेगी। समारोह की अध्यक्षता कच्छवा के शाखा प्रबंधक डीएन सिंह ने किया। मौके पर मंगराव शाखा प्रबंधक शशिकांत चौधरी, ओसाव शाखा प्रबंधक अमन कुमार विश्वकर्मा, कुसुमहरा शाखा प्रबंध रौशन कुमार, कार्यालय सहायक अछत दुकानिया, विशाल कुमार, कार्यालय सहायक अविनाश कुमार, अजय गुप्ता, बैंक मित्र कनकधीर उपाध्याय, कन्हैया कुमार, लालू साह समेत उपभोगता एवं कर्मी उपस्थित थे।

## एनआईए की टीम ने दो को किया गिरफ्तार, देसी कट्टा बरामद

**राष्ट्रीय खबर**



**चकिया पू चं :** एनआईए की टीम को पीएफआई मामले में एक और सफलता मिली है। शनिवार को अहले सुबह स्थानीय पुलिस के सहयोग से थाना के समीप ऑफीसर कॉलोनी से छापामारी कर पीएफआई के संदिग्ध दो सदस्य को गिरफ्तार किया तथा एक के पास से देशी कट्टा बरामद किया। गिरफ्तार युवक की पहचान स्थानीय शाहिद रजा तथा दूसरा मो कैफ उर्फ फैसल अली के रूप में बताई गई है। एनआईए की टीम दोनों की निशानदेही पर अन्य जगहों पर छापामारी की। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बीते 19 जुलाई को एटीएस द्वारा उस्मान सुल्तान खान उर्फ याकूब खान को गिरफ्तार कर एनआईए की टीम को सौंप दिया गया था। एनआईए की टीम ने गिरफ्तार याकूब से पूछताछ के बाद उसके निशानदेही पर उक्त दोनों युवक को अलग-अलग घर से गिरप्तार किया तथा शाहिद के पास से देशी कट्टा बरामद किया। शाहिद का पैतृक घर थाना क्षेत्र के रमडिहा गांव में है। जो फिलहाल शहर के ऑफिसर क्लोनी में रह रहा है तथा केसरिया रोड में कपड़ा का दुकान चलाता है। इसके पिता दुबई में काम करते हैं जो एक माह पूर्व घर आए हैं। वहीं मो कैफ का पैतृक घर केसरिया थाना क्षेत्र के ढेकहा गांव में है, जो वर्तमान में ऑफिसर कॉलोनी में रह रहकर ओल्ड एसआरएपी कॉलेज के निकट घर निर्माण से संबंधित दुकान संचालित करता है। आए दिन पीएफआई के सदस्य की हो रही गिरफ्तारी से कारोबारी व अमजानो में डर का माहौल बनते जा रहा है।

## हस्ताक्षर अभियान में पहुंचे भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष व रास सांसद



**राष्ट्रीय खबर**

**बगहा/मधुबनी :** मंडल के तमकुहा में भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा आयोजित हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष दुर्गेश सिंह चौहान शामिल रहे। भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष दुर्गेश सिंह ने बताया कि बिहार में भाजपा कार्यकताओं पर लाठी चार्ज, भ्रष्टार्चार, बेरोजगारी, अराजकता, बढ़ते अपराध, और 10 लाख नौकरी का झूठा वादा करने के विरोध में भाजपा द्वारा राज्यव्यापी हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत मधुबनी मंडल के तमकुहवा में हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजसभा सांसद सतीश चंद्र दुबे, बगहा विधायक राम सिंह, जिला महामंत्री सुजीत चौरसिया, पूर्व मंत्री राजेश सिंह, महिला अध्यक्ष विजया सिंह, पंकज झुनझुनवाला, यूवा मोर्चा जिलाध्यक्ष सुजीत सिंह, उपाध्यक्ष विकाश गौतम, पूर्व जिला उपाध्यक्ष मनोज सिंह, सिद्धार्थ सिंह , नगर मंडल अध्यक्ष विजय साहू, गोविंद जायसवाल, शेखर सुमन, अनुराग मणि तिवारी, सुबोध कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।

## बंद आंगनबाड़ी केंद्र की सेविकाओं के विरुद्ध, मुखिया ने कार्रवाई की मांग किया

**बेतिया/नरकटियागंज :** जिला के नरकटियागंज प्रखण्ड में बंद आंगनबाड़ी केंद्रों व सेविकाओं की मनमानी के कारण प्रखंड की शिकारपुर पंचायत में बालविकास योजना पटरी से उतर गई हैं। बकौल मुखिया योजना का समुचित लाभ लोगों को नहीं मिल पा रहा है। अधिकतर आंगनबाड़ी केंद्र बंद रहते हैं। पंचायत के मुखिया राहुल कुमार जायसवाल ने डीएम एवं सीडीपीओ को आवेदन देकर आंगनबाड़ी केंद्र बंद रहने का खुलासा किया है। मुखिया ने बताया है कि उनकी पंचायत में मुहम्मदपुर, डोमाहा टोला स्थित आंगनबाड़ी केंद्र प्राय बंद रहते हैं। केन्द्र के बाहर आंगनबाड़ी का बोर्ड भी नहीं लगा है। डोमाहा टोला का केंद्र संख्या 73 शनिवार को भी बंद था। मुखिया ने बताया है कि पंचायत के कुछ केंद्र ऐसे हैं जो किस जगह पर चलते हैं उसका कोई पता ठिकाना नहीं है। मुखिया सहित पंचायत के लोगों को भी पता नहीं है। मुखिया ने कहा है कि उनकी पंचायत में बालविकास योजनाओं के कार्यान्वयन में भारी अनियमितता बरती जा रही हैं। लोगों को योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की मांग की है। इधर, सीडीपीओ मोहम्मद सोहैल ने कहा कि मामले की जांच कराई जाएगी। दोषी पाए जाने पर संबंधित सेविकाओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी।

## वसंत प्लस टू उच्च विद्यालय इटिम्हा में बाल संसद का गठन



**राष्ट्रीय खबर**

**नासरीगंज (रोहतास) :** वसंत प्लस टू उच्च विद्यालय इटिम्हा-कर्मा में छात्रों एवं शिक्षकों के बीच एक आम सभा का आयोजन कर विद्यालय स्तर पर बाल संसद का गठन किया गया। बाल संसद के गठन को लेकर आयोजित आमसभा की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाध्यापक इंद्रजीत पाण्डेय ने किया। बाल संसद के प्रधानमंत्री काजल खातून, उप प्रधानमंत्री आयुष गुप्ता, शिक्षा मंत्री छात्रा संजना भारती, उप शिक्षा मंत्री सुमन कुमारी, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता मंत्री साजिद मंसूरी, उप स्वास्थ्य एवं स्वच्छता मंत्री रितु कुमारी, जल एवं कृषि मंत्री कशिश कुमारी, उप जल एवं कृषि मंत्री राजनन्दनी, पुस्तकालय एवं विज्ञान मंत्री पल्लवी राज, उप पुस्तकालय व विज्ञान मंत्री गुडन कुमारी, बाल सुरक्षा मंत्री समीक्षा कुमारी, उप बाल सुरक्षा मंत्री खुशी कुमारी, संस्कृति एवं खेल मंत्री हर्षित कुमार, उप संस्कृति और खेल मंत्री अंकुश कुमार को सर्वसम्मति से चुना गया।मौके पर नरेश सिंह, उषा कुमारी, उमेश पाल, कुमार राकेश, सवरू प्रजापति, बीर बहादुर सुमन, अनिल कुमार, पूरनचंद, राजेश चौधरी, रानी कुमारी, नीतू कुमारी, कृष्ण कुमार पंडित, करण विजय, विष्णु कुमार, उमाशंकर समेत सैकड़ों की संख्या में विद्यालय की छात्र-छात्राएं उपस्थित थी।

## फोटो लेने से मना करने पर असामाजिक तत्वों ने शिक्षक के साथ की मारपीट

**छात्रों ने दिखाई दिलेरी भाग रहे 5 में से तीन को दबोचा, कार्रवाई की मांग**

**राष्ट्रीय खबर**

**ह. खड़गपुर :** नगर के झील पथ स्थित राजकीय प्लस टू उच्च विद्यालय में अनावश्यक रूप से प्रवेश कर मोबाईल से तस्वीर लेने से मना करने पर कुछ उद्दंड युवकों और शोहदों ने विद्यालय के कक्ष में प्रवेश कर शिक्षक के साथ मारपीट की। हालांकि मारपीट करने वाला पांच युवक में तीन को विद्यालय के छात्र और शिक्षकों ने खदेड़ कर धर दबोचा। इधर सूचना मिलने पर खड़गपुर पुलिस मौके पर पहुंच कर मारपीट करने वाले तीन छात्रों को पूछताछ के लिए थाना ले गई है। मिली जानकारी के अनुसार कुछ असामाजिक तत्व और शोहदे किस्म के युवक विद्यालय अवधि में परिसर में प्रवेश कर मोबाइल से छात्राओं की तस्वीर खींच रहा था। जिसपर शिक्षक उमाशंकर सिंह ने मना किया और परिसर से ऐसी हरकत नहीं करने की चेतावनी दी। जिसके बाद इन शोहदों ने शिक्षक को सबक सिखाने की धमकी दी और कुछ देर बाद पांच युवकों के साथ विद्यालय पहुंचकर पढ़ा रहे शिक्षक श्री सिंह साथ मारपीट किया। जिसके बाद छात्रों ने उनमें से तीन को दबोच लिया। सूचना पर आए एएसआई पीसी नायक ने उन्हें हिरासत में लेकर अन्य दो फरार युवकों के बारे में पूछताछ कर रहे हैं। इधर विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक नीरज कुमार ने खड़गपुर थाना में शिक्षक के साथ मारपीट का मामला दर्ज कराया है। आरोपी युवकों में हाट चौक निवासी रौशन कुमार, महादेवपुर निवासी सुप्रभात शर्मा और कृष राज शामिल हैं। इस बाबत थानाध्यक्ष ने बताया कि आवेदन के आधार पर कार्रवाई की जा रही है। वहीं शिक्षक के साथ मारपीट करने वाले असामाजिक तत्वों की इस हरकत को लेकर प्रबुद्धजनों ने कार्रवाई की मांग की है।

## जनता दरबार में चार मामलों का हुआ निष्पादन

**सुगौली,पू च :** स्थानीय थाना में नियमित कार्यक्रम के तहत शनिवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में सुनवाई के लिए चार मामले आए और सभी का सुनवाई के साथ ही निष्पादन कर दिया गया। राजस्व पदाधिकारी सह प्रभारी अंचलाधिकारी नेहा कुमारी और थानाध्यक्ष धनंजय शर्मा ने आए मामलों की सुनवाई की।जिसमें श्रीपुर भटवालिया से रोजी आलम और भागेलु महतो के बीच, सुगांव धांगड़ टोली के शोभा कुंवर और जयनारायण बैठा के बीच, फुलवरिया से शकुंतला देवी और पुरुषोत्तम सिंह के बीच और भरगामा से मुसमात प्रेम देवी और विनोद राय के बीच के मामलों की सुनवाई की गई।बताया गया कि इनके जमीन से संबंधित मामले थे जिनकी सुनवाई के दौरान सभी का समाधान किया गया। दोनों पक्षों की सुनवाई की गई और सुनवाई के बाद उनको समझा-बुझाकर समाधान किया गया।

## मारपीट व रंगदारी की एफआईआर चार नामजद

**बेतिया :** घर बनाने से पहले दो लाख रुपए रंगदारी मांगने को लेकर बैरिया थाना क्षेत्र के फत्तू छापर निवासी राजू यादव ने नौतन थाने में शिकायत कर 4 को नामजद वअन्य पांच अज्ञात पर एफआईआर किया है।आवेदन में बताया है कि तीस जुलाई की सुबह वे अपने खरीद हुए जमीन की बाउंड्री करा रहे थे।तभी जगदीशपुर थाना सोता टोला गांव के सुरेन्द्र साह, विरेन्द्र साह, सिकंदर साह, राहुल साह अन्य अज्ञात पांच व्यक्तियों के साथ आये और धक्का मुक्की करते हुए गाली गलौज करने लगे। तथा जेब से तीस हजार रुपए व गले से सोने का चेन नोच लिये। वही जमीन पर घर बनाने से पहले दो लाख रूपया रंगदारी की मांग कर रहे थे। आवेदन में आगे बताया कि वे सभी अपराधिक प्रवृत्ति के लोग हैं। थानाध्यक्ष खालिद अख्तर ने बताया कि पुलिस कांड दर्ज कर मामले की छानबीन कर रही है दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## जनता दरबार में एक दर्जन से अधिक मामला का निष्पादन

**राष्ट्रीय खबर**



**जगदीशपुर :** थाना में जनता दरबार का आयोजन किया।दिनांक 04 अगस्त 2023 को जगदीशपुर थाना में जनता दरबार अयोजित किया गया। जिसमें 15 वादों की सुनवाई की गई। कई कांडो में वादी और प्रतिवादी लोगो ने कागजात के आभाव में अलग समय विस्तार करवाया। दो वादों का सुनील शर्मा बनाम किशनाथ चौधरी जगदीशपुर व लालमुनि देवी बनाम दीपक कुमार जमुनिया का निष्पादन थानाध्यक्ष और प्रभारी राजस्व पदाधिकारी नौतन ने ऑन स्पॉट कराया।

## प्रसव के दौरान 2 शिशुओं के मौत पर भड़के ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

**बगहा ठकरहा :** ठकराहां सीएचसी में मोतीपुर पंचायत की उमाटोला गांव के ग्रामीणों ने लेबर रुम में नर्सों की लापरवाही के विरुद्ध शनिवार को जमकर विरोध-प्रदर्शन किया गया। ग्रामीणों का आरोप था कि प्रसव के दौरान लेबर रुम में लापरवाही के कारण सप्ताह भर में दो बच्चों की मौत हो गयी। उमाटोला गांव की दो प्रसुता के परिजनों समेत ग्रामीणों का आरोप है कि बच्चों की मौत जन्म के बाद ही अस्पताल में हुई है। प्रदर्शन में शामिल सतेन्द्र मुखिया ने कहा कि बीते 4 अगस्त को उनकी पत्नी मुन्नी देवी को प्रसव पीड़ा में अस्पताल में भर्ती किया गया और बच्चा जन्म लिया। फिर अस्पताल में ही उसकी मौत हो गयी। चन्दभान यादव ने कहा कि इसके पहले 27 जुलाई को उनकी पत्नी किरण देवी को प्रसव पीड़ा के दौरान भर्ती कराया गया। और 28 जुलाई को पुत्री का जन्म हुआ। बच्ची अस्वस्थ्य थी। आशा व नर्स की तमकुहीरोड के एक नीजि अस्पताल में भर्ती करने की सलाह को नकार कर पडरौना जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां बच्चा व जच्चा अब सुरक्षित व स्वस्थ्य है। वही 29 जुलाई को सतेन्द्र चौधरी की पत्नी अंजली देवी ने एक स्वस्थ्य बच्चा को जन्म दिया। ग्रामीणों का आरोप है कि लेकिन लेबर रुम मे.लापरवाही के कारण बच्चा की मृत्यु हो गयी थी। अस्पताल प्रबंधन द्वारा अपनी जिम्मेदारी से बचने के लिए रेफर कर दिया गया।

## जागरूकता : बाल अधिकार संरक्षण कार्यशाला का आयोजन

### शिक्षा के बल इंसान सबकुछ हासिल कर सकता है

**राष्ट्रीय खबर**



**तुरकौलिया, पू च :** राष्ट्रीय दलित मानवाधिकार अभियान एवं राष्ट्रीय दलित न्याय आंदोलन के तत्वावधान में शनिवार को प्रखंड क्षेत्र के लक्ष्मीपुर गांव में बाल अधिकार संरक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में प्रथम वर्ग से मैट्रिक तक के छात्र व छात्राओं तथा उनके अभिभावकों ने भाग लिया। जहां बच्चों को रोजाना स्कूल जाने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही बताया गया कि पढ़-लिखकर डॉक्टर, प्रोफेसर इंजीनियर, डीएम, एसपी बनकर अपने गांव सहित देश व दुनिया का नाम रौशन करना है। बच्चो में नेतृत्व क्षमता विकसित करने व स्कूल को भेदभाव मुक्त बनाने पर विशेष बल दिया गया। बाल अधिकारों पर हुए अंतरराष्ट्रीय समझौता के प्रस्ताव पर भी विस्तृत चर्चा की गई। अपने संबोधन में राष्ट्रीय दलित मानवाधिकार अभियान के प्रदेश महासचिव विद्यानंद राम ने शिक्षा के अधिकार अधिनियम, बाल अधिकार एवं संरक्षण के लिए बने कानूनों, स्कूली बच्चों के लिए सरकार द्वारा संचालित योजनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि वह अपने वर्ग में अच्छा अंक लाने वाले विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करेंगें। कार्यशाला के दौरान डॉ. अंबेडकर बाल संसद का गठन किया गया। जहां स्कूली बच्चों को प्रधान मंत्री, शिक्षा मंत्री, पर्यावरण मंत्री, कानून मंत्री, कल्याण मंत्री, संस्कृति व खेल मंत्री बनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए एनसीडीएचआर के जिला संयोजक सह सीआरसी संचालक किरण राम ने कहा कि शिक्षा की बड़ी अहमियत है। अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि अपने बच्चों को रोजाना स्कूल भेजें। शिक्षा ही वह संपत्ति है जिसे कोई बांट नही सकता है। शिक्षा के बल इंसान सबकुछ हासिल कर सकता है। मौके पर मनोज पासवान, संतोष राम, डॉ. शंभू लाल राम, बुधन राम, सतीश कुमार, रमेश राम, अभिमन्यु कुमार, राजू राम, विशुनदेव राम, रामनारायण राम, रामानंत पासवान, मीना देवी, रामभावती देवी, कुंती देवी, उषा देवी, सरिता देवी, नीतू देवी, सुनीता देवी, बालकेशी देवी, चंपा देवी सहित काफी संख्या में छात्र व छात्राएं उपस्थित थे।

# अनुमंडल सभागार में 15 अगस्त की तैयारी को लेकर हुई बैठक

## शहीद स्मारक पर विधायक राजीव कुमार सिंह करेंगे झंडोत्तोलन

राष्ट्रीय खबर

**तारापुर :** अनुमंडल सभागार में एसडीओ राजेश रंजन कुमार की अध्यक्षता में स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारी को लेकर बैठक आयोजित किया गया। इस बैठक में मुख्य रूप से विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि पंचायत प्रतिनिधि सांसद प्रतिनिधि सहित अन्य सरकारी विभाग पदाधिकारी व अधिवक्ता उपस्थित थे। बैठक के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया की पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी झंडोत्तोलन का समय सभी संस्थानों के लिए यथावत रहेगा। शहीद स्मारक पर क्षेत्र के विधायक राजीव कुमार सिंह द्वारा झंडोत्तोलन किया जाएगा। समारोह स्थल आर एस कॉलेज मैदान में



अनुमंडल पदाधिकारी श्री कुमार द्वारा झंडोत्तोलन किए जाने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। बैठक में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी तारापुर को निर्देशित किया गया कि सरकारी स्कूल के छात्र छात्राओं को भाषण, लेख, एवं खेल, प्रतियोगिता में भाग लेने को लेकर बच्चों को चिन्हित करने से लेकर उसकी तैयारी में अभी से जुट जाने को कहा गया । स्वतंत्रता दिवस के मौके पर मुख्य समारोह स्थल कालेज मैदान तारापुर पर झंडोत्तोलन से लेकर सभी तरह के कार्यक्रम मौके पर पानी टैंकर से लेकर साफ-सफाई इत्यादि की व्यवस्था करने की जिम्मेदारी प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार को दिया गया। शहीद स्मारक, अनुमंडल, प्रखंड, नगर पंचायत, अस्पताल, सिंचाई विभाग, थाना सरकारी कार्यालयों पर तिरंगा झंडा बांधने की जिम्मेदारी व्यापार मंडल के मैनेजर नारायण पंडित को दी गई। स्वतंत्रता दिवस के मौके पर होने वाले प्रशासन बनाम पत्रकार, जनप्रतिनिधि, अधिवक्ता, के बीच मैच होगी या नहीं इस पर किसी प्रकार की चर्चा नहीं की गई। मौके पर अपर एसडीओ वसीम अकरम, डीसीएलआर दिलीप कुमार, डीएसपी पंकज कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार, इंस्पेक्टर राजेश कुमार रंजन, लोजपा नेता मिथिलेश कुमार सिंह, राजद नेता मंटू यादव, मेयर नीलम देवी, सांसद प्रतिनिधि चंद्रशेखर चौधरी, पूर्व राजद प्रखंड अध्यक्ष रफी उजमा, डॉ. पप्पू एजाज मोहम्मद, अफजल होदा, पैरामाउंट के वेदानंद झा, अधिवक्ता हरे कृष्ण वर्मा चिकित्सा पदाधिकारी प्रमोद कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## न्यूज फटाफट

### जनता दल (यू) अति पिछड़ा प्रकोष्ठ की 60 सदस्यीय नई कार्य समिति गठित, मिला मनोनयन पत्र

**गया :** अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष विनोद कुमार कि अध्यक्षता में गांधी मंडप में अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के जिला कमेटी का विस्तार किया गया। कुमार ने बताया कि 60 सदस्यीय जिला कमेटी बनाया गया है।जिसमें 31 उपाध्यक्ष, 11 महासचिव, 15 सचिव, एक कोषाध्यक्ष, एक प्रवक्ता मनोनीत किया।शत्रुध्न दांगी को जिला प्रवक्ता व नीरज कुमार राय को कोषाध्यक्ष बनाया गया।

पिछले बैठक में मनोनीत सभी प्रखंड अध्यक्ष गण को आज मनोनयन पत्र दिया गया। कुमार ने सभी नव मनोनीत प्रखंड अध्यक्ष से अपील किया कि राज्य स्तरीय कपूर्री चर्चा कार्यक्रम में महत्वपूर्ण जिम्मेवारी

निभाएंगे। प्रदेश द्वारा प्रमंडल स्तर पर टीम गठित की गई है। जिसमें जहानाबाद के सांसद सहित कई विधान पार्षद एवं वरिष्ठ नेता को शामिल किया गया है। बैठक मैं उपस्थित साथियों से कपूर्री चर्चा में शामिल होने का अपील की। बैठक में उपस्थित साथियों में से प्रमुख श्रवन केवट, जवाहर लाल, वीरेंद्र शर्मा, रंजीत कुमार, रामविलास शर्मा, विद्यानंद प्रसाद, मोहम्मद शकील अंसारी, आजाद रंगरेज, सीमा गुप्ता, अनुप चंद्रवंशी, भरत चंद्रवंशी, कैलाश सिंह चंद्रवंशी, अमरदीप चंद्रवंशी, हरेन्द्र दांगी, जर्नाधिन प्रसाद, मंदीप प्रजापति, विवेक रौशन, राम प्रवेश ठाकुर, जाहिद हुसैन राइन, बिरजू चंद्रवंशी, अमरेंद्र कुमार, प्रकाश राम पटवा, गोपाल राउत, डा बिनोद मंडल, भीम विश्वकर्मा सहित कई लोग उपस्थित थे।

### केवीके ने किया प्रशिक्षण के साथ सब्जी बीज वितरण कार्यक्रम



**मझौलिया :** प्रखंड क्षेत्र में शुक्रवार को कृषि विज्ञान केन्द्र माधोपुर के सौजन्य से प्रशिक्षण तथा सब्जी बीज वितरण कार्यक्रम का करमवा में आयोजन किया गया। जिसमें 30 महिलाओं को किचन किट वितरित किया गया। पोषण वाटिका का तात्पर्य यह है कि घर के आसपास खाली पड़ी भूमि में परिवार के रोजाना की आवश्यकता की सब्जियों की पूर्ति हेतु लगाई गई। मौसमी फल और सब्जियां मानव शरीर के पोषण को सुनिश्चित करने में अतिमहत्त्वपूर्ण है, रोगप्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के साथ ही विटामिन और आवश्यक खनिज तत्वों की पूर्ति भी करती हैं। केन्द्र की गृहविज्ञान विशेषज्ञ डॉ रीता देवी यादव ने बताया की किचन किट में 10 प्रकार के मौसमी सब्जियों के बीज हैं जिन्हें महिलाएं अपने घर पर लगा कर रसायनमुक्त और पौष्टिक तथा ताजी सब्जियां प्रतिदिन प्राप्त कर सकती हैं। बस उन्हें बीज रोपने और थोड़ी देखभाल की आवश्यकता होगी।

### शोक संतप्त परिवार से मिले पूर्व केंद्रीय मंत्री जयप्रकाश

**ह. खड़गपुर :** राजद के वरिष्ठ नेता स्व. अशोक यादव के निधन के उपरांत श्राद्ध कर्म में पूर्व केंद्रीय मंत्री जयप्रकाश नारायण यादव एवं तारापुर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी दिव्या प्रकाश पोखरिया गांव पहुंची और उनके शोक संतप्त परिवार से मिलकर सांत्वना के साथ श्रद्धांजलि समर्पित किया। पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री यादव ने कहा कि अशोक यादव राजद के निष्ठावान और समर्पित कार्यकर्ता थे। उनका असामयिक निधन समाज के साथ राजद व उनके लिए व्यक्तिगत क्षति है। इस मौके पर नरेश सिंह यादव, त्रिवेणी यादव, प्रदेश छात्र राजद महासचिव ईशु यादव, नगर अध्यक्ष पंकज यादव आदि समेत अनेक राजद कार्यकर्ता मौजूद थे।

### महिलाओं को भीड़ द्वारा नंगे परेड कराने के विरुद्ध में केंडल मार्च

**मोतिहारी :** अखिल भारतीय प्रगतिशील महिला एसोसिएशन के जिला संयोजक शबनम खातून की अध्यक्षता में केंडल मार्च निकाला गया। गौरतलब हो कि मणिपुर में महिलाओं को भीड़ द्वारा नंगे परेड कराने और हो रहे बलात्कार के विरुद्ध मे मोतिहारी जानपूल चौक से ज्ञान बाबू चौक होते हुए मीना बाजार गांधी चौक तक केंडल मार्च निकाला गया। इस संदर्भ में जिला संयोजक शबनम खातून ने कहा कि मणिपुर 3 महीनों से जल रहा है। उसकी जवाब देही कौन है। ऐसी घिनौनी घटना ने पूरे देश को शर्मशार कर दिया आधी आबादी की इज्जत आबरू की जिमेवारी हुकूमत लेने को तैयार बिलकुल नहीं है। मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को इस्तीफा दे देना चाहिए। केंडल मार्च में शामिल माले नेता विष्णुदेव यादव, उल्फत परवीन, अच्युतानंद पटेल, खोदैजा खातून, कमला देवी, नजमा खातून, भैरवदयाल सिंह, लालमती देवी, मीना खातून, रंजन कुमार, जरीना खातून सहित अन्य शामिल थे।

### जल जीवन हरियाली योजना अंतर्गत पांच युनिट पौधारोपण सम्पन्न

**लौरिया, प च :** जिला पदाधिकारी के निदेर्शानुसार जल जीवन हरियाली योजना अंतर्गत प्रखंड क्षेत्र के बेलवा लखनपुर पंचायत के गोखुला गांव में पांच युनिट पौधारोपण कार्य सम्पन्न हुआ। प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी रत्नेश कुमार ने बताया कि जल जीवन हरियाली योजना अंतर्गत पौधारोपण करने वाले लाभुकों को बिहार सरकार प्रोत्साहन राशि भी दे रही हैं। लाभुकों से आधार कार्ड, जमीन का रसीद, तथा एक शपथ पत्र भी ले रही हैं। पांच वर्षों तक पौधा हरा भरा रहने पर एक युनिट पौधा लगाने वाले लाभुकों को सरकार 1800 से 2400 रुपये प्रत्येक महीने दे रहीं हैं। जल जीवन हरियाली योजना अंतर्गत गोखुला गांव के ग्रामीण राधेश्याम राम, सवरु यादव एवं अन्य ग्रामीणों ने अपनी निजी जमीन में पांच युनिट पौधा लगाया। उपस्थित लोगों से रोजगार सेवक कौशलेंद्र कौशल ने नारा भी लगवाया की जल है तो कल है। यह भी कहा की धरती को हरा भरा रखने व पर्यावरण संरक्षण को लेकर पौधारोपण अति आवश्यक है। इस अवसर पर मुखिया अनिल कुमार, सवरु यादव, राधेश्याम राम व गोखुला गांव के दर्जनों ग्रामीण उपस्थित रहे।

### नए थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने किया पदभार ग्रहण

**रुन्नीसैदपुर :** स्थानीय थाना में शुक्रवार को नए थानाध्यक्ष के रूप में राकेश कुमार ने पदभार ग्रहण किया है। इससे पूर्व विजय कुमार यादव थानाध्यक्ष के पद पर विधि-व्यवस्था पर नजर रख रहे थे। थानाध्यक्ष के रूप में योगदान करते हुए श्री कुमार ने बताया कि मेरी पहली प्राथमिकता क्षेत्र में शांति स्थापित करना, अपराध पर पूरी तरह लगाम लगाना व पुलिस और पब्लिक के बीच अच्छा संबंध स्थापित



करना होगा। उन्होंने इसके लिए क्षेत्र के लोगों को भी पुलिस को मदद करने की अपील की। उन्होंने कहा कि किसी भी सूरत में अशांति फैलाने वाले बख्शे नहीं जाएगें। अच्छे लोगों का सम्मान करना व अशांति फैलाने वालों लोगों तथा आपराधिक तत्वों पर कड़ी कार्रवाई करना मेरी पहली प्राथमिकता है। नए थानाध्यक्ष के पदभार ग्रहण करने पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधि व बुद्धिजीवियों ने खुशी व्यक्त कि है। बधाई देने वालों में युवा नेता गोविंद राज, युवा राजद नेता राम बाबू यादव आदि प्रमुख हैं।

# फर्जी डॉक्यूमेंट पर बहाल शिक्षिका पर कंप्लेन करना पड़ा महंगा

राष्ट्रीय खबर

**बेतिया :** पश्चिम चंपारण जिला के जगदीशपुर थाना क्षेत्र के वृत्ति टोला निवासी हसबुलाह अंसारी ने अपने ही पड़ोसी शिक्षिका पर फर्जी प्रमाण पत्र पर नियोजन कराने पर उसकी शिकायत जिला पदाधिकारी बेतिया एवं अपीलीय प्राधिकार कोर्ट बेतिया पश्चिम चम्पारण में किया। जिसमें 3 अगस्त 23 को गवाही देने के लिए मजिस्ट्रेट के पास हाजिर हुआ। गवाही देने के बाद जब वह करीब दो बजे ट्रैक्टर की 50000 किस्त जमा करने के लिए बैंक में जाने के क्रम में शिक्षिका के परिजन असलम जावेद उर्फ गुड्डू पिता अली हुसैन, तसउर आलम बबलू और चार अन्य लोग जिसकी पहचान नहीं कर सका।



सभी लोगों ने मिलकर खींचकर रड बेल्ट डंडा लात, घुसा से मारपीट करने लगे तब तक रोड पर चलने वाले राहगीरों ने आकर मेरा जान बचाया तब तक इन लोगों ने मारपीट कर मुझे बुरी तरह से जख्मी कर दिया। मेरी मोबाइल और पॉकेट में रखे रुपए निकाल लिया, लोगों को छुड़ाने के बावजूद असलम जावेद ने बोले कि साला को नहीं छोड़ेगे। वहां के लोगों ने मेरी जान बचाई और 112 को फोन करके पुलिस को बुलाया पुलिस ने उसे जीएमसीएच बेतिया में भर्ती कराया, जहां शिक्षक, चिकित्सकों की देखरेख में मेरा इलाज किया जा रहा है। फिर संध्या असलम जावेद तीन अन्य लोगों के साथ जीएमसीएच पांच 5 मंजिल फ्लोर पर जिसमें भर्ती हो चिकित्सरत हैं। उस वार्ड में आए और धमकी दिया कि अभी तुम नहीं सुधरेगा तो गोविंदगज गंडक में ले जाकर मारकर फेंक देंगे। यह सारी बातें घायल मोहम्मद हसीबुल्लाह अंसारी ने बताया। इस बाबत शिक्षिका के परिजन असलम जावेद उर्फ गुड्डू पिता अली हुसैन तसउर आलम बबलू और चार अन्य लोग से संपर्क नहीं होने के कारण उनका पक्ष नहीं जाना जा सका।

## गंडक नदी के कटाव का निरीक्षण करने पहुंचे विधायक व अभियंता

राष्ट्रीय खबर

**बेतिया/बैरिया :** प्रखंड क्षेत्र के सिंगही सूर्यपुर ढाला से सटे गंडक नदी के कटाव के निरीक्षण करने जल संसाधन टीम के साथ विधायक नारायण प्रसाद पहुंचे। ढाला के सामने गंडक नदी के कटाव से स्थानीय लोगो में दहशत है। जिसको लेकर अभियंताओं व विधायक ने निरीक्षण किया।जहां बाढ़ संघनात्मक बल के रामेंद्र कुमार सिंह ने नदी के कटाव से बचाव के लिए बंबू रोल व ईसी बैग द्वारा तत्काल कटाव स्थल पर



काम कराने का निर्देश दिया। मौके पर बाढ़ संघनात्मक बल के रामेंद्र कुमार सिंह, अधीक्षण अभियंता शशि चौधरी, प्रभारी कार्यपालन अभियंता, सहायक अभियंता, कनिये अभियंता, बीजेपी प्रखंड अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह व अन्य लोग मौजूद रहे।

## बेतिया नगर निगम में व्याप्त भ्रष्टाचार को नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जन जन तक पहुंचाएंगे: विनय बागी

राष्ट्रीय खबर

**बेतिया :** नगर निगम में व्याप्त भ्रष्टाचार को रोकने के लिए विनय बागी तथा उनके अन्य सहयोगियों ने बलिराम भवन के कार्यालय में एक बैठक किया। जिसमें बेतिया नगर निगम में व्याप्त भ्रष्टाचार को जन जन तक पहुंचाने तथा लोगों को इसके प्रति सचेत रहने के लिए विचार विमर्श किया गया। विनय बागी ने बताया कि



अगले दो-तीन दिनों में नगर निगम में व्याप्त भ्रष्टाचार से नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। जिससे आम लोग हो रहे भ्रष्टाचार से अवगत हो सके।

# अनुसूचित जाति आयोग के सदस्य का जदयू कार्यकताओं ने भव्य स्वागत किया

### महागठबंधन की सरकार जनहित के लिए कार्य कर रही है : श्याम बिहारी

राष्ट्रीय खबर

**नासरीगंज (रोहतास) :** प्रखण्ड के धुस मुख्य चौराहे पर अनुसूचित जाति आयोग के सदस्य सह पूर्व विधायक श्याम बिहारी राम का जदयू कार्यकताओं ने प्रखण्ड अध्यक्ष डॉ. अमरेंद्र कुमार के नेतृत्व में फूलमाला व अंगवस्त्र से स्वागत किया। अनुसूचित जाति आयोग के सदस्य श्याम बिहारी राम पटना से चेनारी एक कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। इसी क्रम में धुस मुख्य चौराहे पर जदयू कार्यकताओं ने उनके काफिले को रोककर उनका स्वागत किया। कार्यकताओं ने नीतीश कुमार



जिंदाबाद, श्याम बिहारी राम जिंदाबाद के जमकर नारे लगाए। आभार व्यक्त करते हुए श्री राम ने कहा कि बिहार में महागठबंधन की सरकार जनहित के लिए कार्य कर रही है। नीतीश कुमार की अगुआई में बिहार विकास की नई ऊंचाइयों को छू रही है। आप सभी कार्यकर्ता आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर जन-जन तक नीतीश कुमार के कार्यो को बताएं। मौके पर भाई रिजवान फिरदौस, मीनू सिंह, रामजी चौधरी, लुकेश्वर कुमार प्रिय, बबन कुमार सिंह, राजद प्रखण्ड अध्यक्ष ताहिर हुसैन उर्फ मन्ना खाँ, अजय राम, सीतेश कुमार, विशाल कुशवाहा, महेश चंद्रवंशी आदि मौजूद थे।

## बिहार सरकार की गलत नीतियों के विरुद्ध भाजयुमो का हस्ताक्षर अभियान जारी

राष्ट्रीय खबर

**बेतिया :** भारतीय जनता युवा मोर्चा ने बिहार सरकार की गलत नीतियों के विरुद्ध जिलाध्यक्ष अभिषेक यादव के नेतृत्व में हस्ताक्षर अभियान चलाया। हस्ताक्षर अभियान में मुख्य अतिथि बिहार भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष दुर्गेश सिंह ने कहा कि भारतीय जनता युवा मोर्चा सभी जिला केंदों एवं मंडलों में बिहार में बढ़ते अपराध, भ्रष्टाचार, अराजकता, छात्र-युवा, आम जनता पर हो रहे दमन लाठीचार्ज



तथा 10 लाख सरकारी नौकरी के झूठे वादे को लेकर हस्ताक्षर अभियान चला रही है। छोटे-छोटे प्रदर्शनी के माध्यम से 13 जुलाई को पुलिसिया कार्रवाई में कार्यकताओं पर बर्बरतापूर्वक कार्रवाई को प्रदर्शित कर रहे हैं। जनता की आवाज उठाने पर भाजपा नेताओं एवं कार्यकताओं पर दुर्भाग्यपूर्ण करार्वाई का बदला बिहार की जनता लेगी। कलम की ताकत महा गठबंधन सरकार के लाठी गोली पर भारी पड़ेगी।

# 11 सुत्री मांगों को लेकर भाकपा माले का धरना प्रदर्शन

राष्ट्रीय खबर

**मझौलिया :** प्रखंड कार्यालय परिसर में अपनी 11 सुत्री मांगो के समर्थन में भाकपा माले के खेत व ग्रामीण मजदूर सभा के वैनर तले शनिवार को एकदिवसीय धरना-प्रदर्शन किया गया। अध्यक्षता अंचल सचिव जवाहर प्रसाद ने की।उन्होंने धरना कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि केन्द्र सरकार के गलत नीतियों से महंगाई तेजी से बढ़ रही है। किसानों को सरकारी मूल्य पर यूरिया नही मिल रही है उन्होंने कहा कि उर्वरक विक्रेता यूरिया को बेरोकटोक 400 रुपया प्रति बोरा की बिक्री कर रहे हैं। जबकि सरकारी मूल्य 266 रुपया प्रति बोरा है। केन्द्र



सरकार के किसान विरोधी नीतियों से गन्ना किसानों को गन्ना का उचित मूल्य नहीं मिल रहा है। मांगों में सर्वे के आधार पर नई कानून नीति बनाने, भूमिहीन को 5 डिसमिल जमीन देने, मनरेगा में दैनिक मजदूरी बढ़ाने, गरीबों को 200 यूनिट बिजली फ्री देने, सरिसवा सरकारी अस्पताल की चहारदीवारी कराने, जन वितरण प्रणाली दुकानदारों द्वारा रासन में कटौती पर रोक लगाने समेत 11 सूत्री मांगों का मांग पत्र प्रखंड कार्यालय को सौंपा गया। मौके पर माले नेता अनवारुल हक,रिखी साह, राजेंद्र प्रसाद, मीता देवी,ज्ञानती देवी, बनारसी राम अजय पासवान, बाबुलाल प्रसाद, सुदामा महतो, ललन राम सहित दर्जनों माले कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## कुछ तो लोग कहेंगे लोगों का काम है कहना...

### जयंती पर 'एक शाम किशोर कुमार के नाम' का आयोजन

राष्ट्रीय खबर

**मोतिहारी पू चं:** स्वनामधन्य पार्श्वगायक किशोर कुमार की 94वीं जयंती शुक्रवार को 'जस्ट कॉल मी' के तत्वावधान में आईएमए हॉल में समारोह पूर्वक मनाई गई। 'एक शाम किशोर कुमार के नाम' इस कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन उप महापौर डॉ० लाल बाबू प्रसाद, अनिल वर्मा, विनय सिंह, अरुण तिवारी, अभय अनंत व रंजीत कुमार ने किया। मंच संचालन कार्यक्रम के मीडिया प्रभारी व गायक-उद्घोषक अंजनी अशेष ने किया। सुप्रसिद्ध चिकित्सक डॉ० हेना चन्द्रा, इवलीन प्रकाश, बिंटी शर्मा व अलीशा सिन्हा द्वारा केक काटने की रस्म अदायगी मंच पर की गई। अपने संबोधन में वक्ताओं ने समवेत स्वर में कहा कि हरफनमौला किशोर दा को



महज एक गायक की परिधि में बांधना कतई उचित नहीं है। वे न केवल एक उत्कृष्ट गायक बल्कि बेजोड़ संगीत निर्देशक, संवेदनशील गीतकार, महान अभिनेता और कुशल निमार्ता-निर्देशक थे। हर मूड के गीतों को गाने में उन्हें एकाधिकार प्राप्त था। कार्यक्रम का आगाज निदेशक सह संयोजक मंजीत प्रकाश द्वारा प्रस्तुत गीत बचपन हर गम से बेगाना होता है... से हुआ। हरफनमौला कलाकार रंजन सहाय ने कुछ तो लोग कहेंगे लोगों का काम है कहना... प्रस्तुत कर वाहवाही लूटी। सुरीली गायिका अनुप्रिया द्वारा प्रस्तुत मेरे नैना सावन भादो... पर खूब तालियां बजीं। इनके अतिरिक्त नवीन श्रीवास्तव , कुंदन वत्स, अंजनी अशेष, डॉ०आलोक, के० अमित, अवकाश कुमार, रौनक त्रिवेदी, राजेश कुमार झा आदि।

